काश्यप बोले : नई टीम ने संभाला पदभार, अब बदलेगा रतलाम

▶ मनोहर पोरवाल अध्यक्ष बने, सैटेलाइट टाउनशिप और इंफ्रास्ट्रक्चर से विकास को मिलेगी नई दिशा

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर को महानगर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रतलाम विकास प्राधिकरण के नवगठित संचालक मंडल ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने विश्वास जताया कि नई टीम रतलाम के विकास की नई गाथा लिखेगी और शहर को मालवा-निमाड़ के प्रमुख केन्द्र के रूप में स्थापित करेगी।

मंत्री काश्यप ने नवनियुक्त अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी और प्रवीण सोनी सहित संचालक मंडल के सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि रतलाम के लिए आगामी 5 से 7 वर्ष बेहद महत्वपूर्ण हैं, जिनमें शहर की मजबूत आधारभूत संरचना तैयार की जाएगी। सैटेलाइट टाउनशिप और लैंड पूलिंग एक्ट के माध्यम से आमजन को विकास से जोड़ने पर विशेष ध्यान रहेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद अनीता चौहान ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए हर स्तर पर सहयोग का भरोसा दिलाया। पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी ने कहा कि अब प्राधिकरण विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, जबकि विधायक मथुरालाल डामर ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर भी ध्यान देने की अपेक्षा जताई। महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि नगर निगम द्वारा 350 करोड़ से अधिक के विकास कार्य पहले ही किए जा चुके हैं और अब प्राधिकरण के साथ मिलकर शहर को महानगर बनाने का सपना साकार किया जाएगा। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि अब रुके हुए कार्य तेज गति से पूरे होंगे। समारोह में अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। मंच पर कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास शैवाल ने किया, जबकि आभार उपाध्यक्ष गोविंद काकानी ने व्यक्त किया।

> **सड़क कॉलोनी नहीं सौंदर्यीकरण और सामाजिक उत्थान होगा : पोरवाल**
>
> नवनियुक्त अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री काश्यप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहर का विकास अब केवल सड़कों और कॉलोनियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सौंदर्यीकरण और सामाजिक उत्थान भी इसमें शामिल होगा। उन्होंने मेगा इंडस्ट्रियल पार्क और औद्योगिक विकास को भी प्राथमिकता देने की बात कही।

अप्रैल में लापता और अपहृत 64 बच्चों को पुलिस ने खोज निकाला

रतलाम। अप्रैल में गुम और अपहृत बच्चों की शीघ्र तलाश और सुरक्षित वापसी के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान में रतलाम पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अप्रैल माह में 64 बच्चों को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलाया गया, जिससे कई परिवारों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट आई।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में 01 अक्टूबर 2024 से यह अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र और परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर बच्चों की खोजबीन की। इस दौरान एमपी के अलावा गुजरात, राजस्थान, यूपी सहित अन्य राज्यों से भी बच्चों को सुरक्षित बरामद किया। अप्रैल में दस्तयाब किए गए 64 बच्चों में 62 बालिकाएं और 2 बालक शामिल हैं। सभी को विधिसम्मत कार्रवाई के बाद सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार पिछले 19 महीनों में कुल 830 गुम/अपहृत बच्चों को दस्तयाब कर उनके परिवारों से मिलाया जा चुका है। रतलाम पुलिस का दीर्घकालिक प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा है, जहां 2015 से 2026 तक बालिकाओं की औसत दस्तयाबी दर 98.14 प्रतिशत रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर साइबर सेल, जेएबी शाखा और थाना स्तर की टीमों ने लगातार प्रयास किए।

एक नजर में

हत्या के प्रयास मामले में बड़ा एक्शन, आठ फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

ताल। जिले में गंभीर अपराधों पर नियंत्रण और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ताल थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल और एसडीओपी आलोट पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। प्रकरण के अनुसार 13 मार्च 2026 को ग्राम रणायरा निवासी फरियादी दशरथ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि भोपालसिंह के कुएं पर आरोपियों ने एकजुट होकर उसके भाई नारायणसिंह पर जानलेवा हमला किया। मुख्य आरोपी सुखदेव पाटीदार ने तलवार से सिर पर वार किया, जबकि अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडों, लकड़ी और हाथ-पैर से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में थाना ताल पर विभिन्न धाराओं सहित एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने लगातार दबिश, पतारसी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए 8 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में पप्पुलाल, सुनील, रामनिवास, तेजकरण, बाबुलाल, समरथ, नागेश्वर और भोला उर्फ भोलेश्याम शामिल हैं। इससे पहले मुख्य आरोपी सुखदेव और अनिल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तलवार और बांस का लठ जब्त किया जा चुका है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक किया सोनेट कार, दो मोटरसाइकिलें, लोहे का पाइप और लकड़ियां भी जब्त की हैं। मामले में एक आरोपी प्रफुल अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी स्वराज डाबी सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

योग महोत्सव के अंतर्गत 50 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम का शुभारंभ

रतलाम। आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं संचालनालय आयुष भोपाल के निर्देशन तथा कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में आयुष विभाग एवं पतंजलि योगपीठ युवा भारत रतलाम द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'योग महोत्सव' के अंतर्गत 50 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम का शुभारंभ मानव सेवा समिति योगशाला में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में जिला आयुष अधीकारी डॉ. दाता राम जयवंत, पतंजलि युवा भारत मध्यप्रदेश प्रांत प्रभारी प्रेम पुनिया, युवा जिला प्रभारी नगर योग गुरु विशाल कुमार वर्मा, वरिष्ठ योग गुरु रामबाबू यादव के मार्गदर्शन में डॉ. बलराज चौहान, डॉ. आशीष राठौर, समाजसेवी दिनेश वाघेला, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, सहित आयुष विभाग कर्मचारी एवं पतंजलि संस्थान के योग साधक उपस्थित थे । इस अवसर पर योग दिवस प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का सामूहिक सूर्य नमस्कार अभ्यास कराया गया। उपस्थित योग साधकों ने सामूहिक शपथ लेकर योग को जन अभियान के रूप में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने तथा स्वस्थ एवं निरोगी समाज निर्माण हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का आधार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 50 दिवसीय काउंटडाउन के माध्यम से जिले भर में विभिन्न योग गतिविधियां आयोजित कर अधिक से अधिक नागरिकों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा सामाजिक धार्मिक योग संस्थानों व स्कूल कॉलेजों में योग दिवस प्रोटोकॉल अभ्यास क्रम के लिए जिला स्तरीय योग सेवा के लिए 9907020885 पर संपर्क कर सकते हैं।

मेधावी छात्राओं को इको फ्रेंडली थैली और शिक्षण सामग्री का किया वितरण

जावरा। भारत विकास परिषद महिला शाखा द्वारा बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के अंतर्गत बालिकाओं एवं मेधावी छात्राओं को इको फ्रेंडली थैली एवं शिक्षा सामग्री वितरित की गई। उक्त आयोजन नगर पालिका टाउन हॉल परिसर में संपन्न किया गया। भारत विकास परिषद सचिव गोपाल सेठिया एवं डॉ राजेन्द्र त्रिवेदी ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के इस जागरूकता अभियान के अन्तर्गत बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और समान भागीदारी को बढ़ावा मिले ऐसा संदेश दिया। साथ ही संस्था कोषाध्यक्ष निलेश जोशी, दिनेश सिसोदिया आदि उपस्थित रहें। आयोजन में महिला बल विकास परियोजना की सुपरवाइसर पंकजा राणावत, सीमा कुरेशी एवं विशेष अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधि सोनू चंद्रप्रकाश सोलंकी उपस्थित रही। संचालन भारत विकास परिषद महिला प्रमुख रितु सिसोदिया ने किया। आभार प्रांत प्रभारी शीतल मेहता ने माना।

शव के साथ सड़कों पर गुस्सा...18 घंटे बाद मिला भरोसा, तब हुआ अंतिम संस्कार

▶ मुआवजा, स्ट्रीट लाइट और स्पीड ब्रेकर की मांग पर अड़े रहे लोग, 12 दिन में कार्रवाई का वादा

नवभारत न्यूज

नामली। सड़क हादसे में घायल मुकेश गुजरिया की इंदौर में इलाज के दौरान मौत के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। आक्रोशित नागरिकों ने मुआवजा और अन्य मांगों को लेकर पलदूना रोड पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जो करीब 18 घंटे तक चला और पूरा क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया।

आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में मृतक परिवार को उचित मुआवजा, सैलाना रोड से गोकुल चौराहा तक फोरलेन पर स्ट्रीट लाइट लगाना और नए स्पीड ब्रेकर बनाना शामिल था। मांगें पूरी नहीं होने पर नागरिकों ने अंतिम संस्कार हाईवे पर ही करने की चेतावनी दे दी थी। प्रशासन की ओर से एसडीएम विवेक सोनकर, आशीष उपाध्याय, एसडीओपी किशोर पाटनवाला और जावरा थाना प्रभारी विक्रम चौहान सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन परिजन और ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। कई लोग रातभर धरना स्थल पर डटे रहे। अगले दिन सुबह बड़ी संख्या में लोग फिर एकत्रित हुए और नारेबाजी के बीच मांगें पूरी करने का दबाव बनाया। सुबह करीब 10:30 बजे खेड़ापति हनुमान मंदिर रोड से शव यात्रा निकाली गई, जिसे नए बस स्टैंड पर रोककर अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया गया। स्थिति को गंभीर होते देख एमपीआरडीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कंपनी से समन्वय कर मुआवजा दिलाने तथा अन्य मांगों को 12 दिनों में पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ और शव यात्रा पुन: निकाली गई।

शव यात्रा नीम चौक, होली चौक और सब्जी मंडी से होते हुए मुक्तिधाम पहुंची, जहां मुकेश का अंतिम संस्कार किया गया।

आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय में मांगें पूरी नहीं हुईं तो फिर से उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही मृतक के परिवार के लिए नौकरी की मांग भी उठाई गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नागरिक और कुमावत समाज के लोग मौजूद रहे।

कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने नीट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

रतलाम। आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु आयोजन को लेकर कलेक्टर मिशा सिंह ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के साथ जिला मुख्यालय पर बनाये गये परीक्षा केन्द्र एम.एल.बी. स्कूल, गर्ल्स कॉलेज एवं उत्कृष्ट विद्यालय रतलाम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए शासन के निर्देशानुसार पेयजल, छांव, टेंट, टेबल-कुर्सी ,कैमरे इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा का आयोजन मापदंड अनुसार शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। तथा शासन के निर्देशानुसार सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्राथमिक उपचार कीट के साथ मेडीकल टीम की ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आर्ची हरित सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। नीट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्देशों को अच्छे से पढ़ ले। परीक्षा केन्द्रों पर वर्जित वस्तुओं को साथ लेकर नहीं आए।

एडीएम ने गेहूं खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

रतलाम। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने शनिवार को तिरुपति वेयरहाउस सीनोद उपार्जन केंद्र बिलपांक का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने तौल कांटों का सत्यापन करवाया तथा कंप्यूटर के माध्यम से संचालित ऑनलाइन प्रक्रिया को देखा। एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने किसानो से संवाद कर उपार्जन प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए । तौल का सत्यापन करने के लिए गेहूं की बोरियों का वजन समक्ष मे करवा कर सत्यापन करवाया। गर्मी की स्थिति को देखते हुए खरीदी केन्द्र पर ठण्डा पेयजल, ओ आर एस के पैकेट, छाया इत्यादि व्यवस्था के निर्देश दिए । किसानों की संख्या को देखते हुए तुलाई कार्य के लिए तौल काटो एवं हम्मालो की व्यवस्था के निर्देशित दिए।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में किया बालिकाओं का सम्मान

रतलाम। जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया के मार्गदर्शन में आज 2 मई को जिले के कलेक्ट्रेट सभागृह में लाडली लक्ष्मी दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अक्षिता पालीवाल एवं लक्ष्मी खानीवाल को आमंत्रित किया गया, जो स्वयं लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाएं हैं। दोनों ने कक्षा 12वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा एवं उनकी माता के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उसके पश्चात सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी के द्वारा लाड़ली लक्ष्मी दिवस कार्यक्रम की रूप रेखा से अवगत करवाया गया, इसके पश्चात बालिकाओं के द्वारा उद्बोधन दिया गया, लाडली बालिका जानवी बाहेती, भूवी व्यास, मनाली आते के द्वारा महिला सशक्तिकरण पर गीत प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं कक्षा 12 वीं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाली बालिकाओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लाडली बालिका जाह्नवी बाहेती द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन परियोजना अधिकारी श्रीमती चेतना गहलोत के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना माहौर एवं रतलाम शहर एवं ग्रामीण की समस्त सेक्टर सुपरवाइजर के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लाडली बालिकाए उपस्थित थी।

चिकित्सा किट वितरण कर किया सम्मान

जावरा। मजदूर दिवस के अवसर पर, राष्ट्र निर्माण में अपना पसीना बहाने वाले कर्मठ श्रमिकों के स्वास्थ्य और सम्मान को समर्पित एक विशेष नि:शुल्क प्राथमिक चिकित्सा किट वितरण का आयोजन किया गया। यह आयोजन हॉप फॉर ग्रोथ वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रख्यात समाजसेवी स्व. कैलाशवाशी रमन अग्रवाल (ग्वालियर) की स्मृति में श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य का संकल्प लिए श्रमिकों के उत्थान एवं उनके राष्ट्र निर्माण में भूमिका ओर प्रतिभा के सम्मान में किया गया। कृषक आजीविका नीतियों को बढ़ाने और जन सेवा कार्यों में अग्रसर किसान मित्र लखन पंवार ने बताया कि स्व. कैलाशवाशी रमन अग्रवाल ग्वालियर की स्मृति में यह सेवा कार्य उन श्रमिकों के प्रति एक छोटी सी श्रद्धांजलि है, जो अपनी मेहनत से समाज को सींचते हैं।

रातभर से लापता युवक की सुबह मौत की खबर, उज्जैन में मिला शव

▶ परिजन का थाने पर हंगामा और कर दिया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले के आलोट क्षेत्र से लापता 22 वर्षीय युवक मनीष माली का शव उज्जैन से बरामद होने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। युवक की हत्या की पुष्टि होने पर परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने आलोट थाने के बाहर जमकर हंगामा करते हुए चक्काजाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार मनीष पिता दिनेश माली, निवासी विक्रमगढ़, शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। रातभर तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजन शनिवार सुबह थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। परिजनों ने कुछ युवकों पर अपहरण की आशंका जताते हुए आरोप लगाया कि मनीष को जबरन कार में बैठाकर ले जाया गया। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले मनीष का एक युवक से विवाद हुआ था, जो मूल रूप से उज्जैन का रहने वाला है और वर्तमान में विक्रमगढ़ में रह रहा था। इसी विवाद के चलते घटना की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस ने परिजनों द्वारा बताए गए नामों के आधार पर कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इसी दौरान पुलिस को उज्जैन से युवक का शव मिलने की सूचना मिली। हालांकि शव की आधिकारिक शिनाख्तगी परिजनों द्वारा की जानी बाकी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। बड़ी संख्या में लोग थाने के बाहर एकत्र हो गए और मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पुलिस बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

आलोट थाना प्रभारी मुनेंद्र गौतम ने बताया कि मामले में नामजद आरोपियों से पूछताछ जारी है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

एक नजर में

मजदूरी बढ़ाने को लेकर हम्माल एसोसिएशन ने मंडी सचिव के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पेट पर पड़ी मार... अब काम होगा बंद, हम्मालों ने दी सीधी चेतावनी

नवभारत न्यूज

जावरा। कृषि उपज मंडी अरनियापीठा में काम करने वाले हम्मालों ने अपनी मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर मंडी हम्माल एसोसिएशन द्वारा शनिवार को मंडी सचिव के नाम तहसीलदार सहदेव मौरे को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 14 दिन के भीतर मांग पूरी नहीं हुई, तो 16 मई 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

हम्मालों का कहना है कि उनकी मजदूरी में आखिरी बार करीब 4 साल पहले वृद्धि की गई थी। तब से लेकर आज तक लगातार महंगाई बढ़ती रही, लेकिन उनकी आय जस की तस बनी हुई है। मौजूदा हालात में इतनी कम मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि जावरा मंडी में दी जा रही मजदूरी, रतलाम, मंदसौर और दलौदा जैसी अन्य मंडियों की तुलना में काफी कम है। इस विषय में कई बार मंडी समिति और उच्च अधिकारियों को लिखित आवेदन दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हम्मालों ने बताया कि 22 अप्रैल 2026 को एसडीएम और मंडी सचिव, तथा 23 अप्रैल को कलेक्टर रतलाम को भी ज्ञापन सौंपा गया था। उसमें 10 दिन का अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन तय समय तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। हालांकि पहले प्रस्तावित हड़ताल को टाल दिया गया है, लेकिन अब एसोसिएशन ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि इस ज्ञापन के बाद भी मजदूरी नहीं बढ़ाई गई, तो 16 मई से मंडी में हम्माली का काम पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। यह हड़ताल अनिश्चितकालीन होगी और मांग पूरी होने तक जारी रहेगी।

> **विवाद टालने बढ़ाए मजदूरी**
>
> हम्माल एसोसिएशन ने यह भी कहा कि यदि समय रहते मजदूरी नहीं बढ़ाई गई, तो भविष्य में हम्मालों और व्यापारियों के बीच विवाद की स्थिति बन सकती है। इसलिए नियमों के तहत मजदूरी में वृद्धि करना जरूरी है, ताकि मंडी का कामकाज सुचारू रूप से चलता रहे।

स्टेशन पर ओस्तवाल मित्र मंडल ने किया स्वागत

जावरा। इंदौर विधायक गोलू शुक्ला द्वारा खाटू श्याम जी की धार्मिक यात्रा का आयोजन किया, जिसमें वे श्रद्धालुओं के साथ इंदौर से खाटू श्याम जी के लिए रवाना हुए। इस यात्रा के दौरान जावरा रेलवे स्टेशन पर राहुल ओस्तवाल मित्र मंडल द्वारा उनका भव्य और भावपूर्ण स्वागत और जोरदार अभिनंदन किया।

स्वागत कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कानसिंह चौहान, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोनू यादव, पूर्व भाजपा जिला मंत्री सुनील भावसार, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्रसिंह चौहान, राजा चंचलानी, रोहित सुमन, नीलेश पटेल, अंशुलसिंह चौहान, करण सुखनानी, ब्रज गोयल, देवेंद्र सुमन, प्रथम अरोरा, रवि पन्हार आदि ने पूरा माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया।

मित्र मंडल के सदस्यों ने फूल-मालाओं और जयकारों के साथ विधायक का स्वागत किया और फिर यात्रा की सफलता की कामना की। इस अवसर पर सभी ने खाटू श्याम जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और यात्रा में शामिल होने पर गर्व महसूस किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश दिया।